Roll No : .......................................

Total No. of Questions : **12** ]                    [ Total No. of Printed Pages : **15**

# C–355

## B.Com. (Part–III) Examination, 2021

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

Paper - I

## (Corporate Accounting)

*Time : 1½ Hours* ]                    [ *Maximum Marks : 100*

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

***Note*** :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

***Note*** :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

***Note*** :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

## Section–A

**(खण्ड–अ)** 2 each

1. (i) What do you understand by Internal Reconstruction ?

आन्तरिक पुनर्निर्माण से आप क्या समझते हैं ?

(ii) What is meant by Amalgamation of Companies ?

कम्पनियों के एकीकरण से क्या तात्पर्य है ?

(iii) What is the formula of valuation of goodwill by capitalisation of super profit ?

अधिलाभों के पूँजीकरण द्वारा ख्याति का मूल्य ज्ञात करने का सूत्र क्या है ?

(iv) What is the formula of determination of fair value of share ?

अंश का उचित मूल्य निर्धारित करने का सूत्र क्या है ?

(v) What do you mean by Managerial Remuneration ?

प्रबंधकीय पारिश्रमिक से आप क्या समझते हैं ?

(vi) Which profits are available for issue of Bonus Shares ?

बोनस अंशों को निर्गमित करने के लिए कौन-कौनसे लाभ उपलब्ध होते हैं ?

(vii) What do you mean by 'Profit prior to incorporation' ?

'समामेलन से पूर्व के लाभों' से आप क्या समझते हैं ?

(viii) What do you understand by Underwriting Agreement ?

अभिगोपन अनुबन्ध से आप क्या समझते हैं ?

(ix) What is Subsidiary Company ?

सहायक कम्पनी किसे कहते हैं ?

(x) What do you mean by Double Accounting System ?

दोहरा लेखा विधि से आप क्या समझते हैं ?

## Section–B

**(खण्ड–ब)** 8 each

2. Distinguish between 'Amalgamation in the nature of merger' and 'Amalgamation in the nature of purchase'.

   'विलय की प्रकृति के एकीकरण' एवं 'क्रय की प्रकृति के एकीकरण' में अन्तर समझाइए।

3. Give an abridged form of Balance-sheet of a Company.

   कम्पनी के चिट्ठे का संक्षिप्त आकार का प्रारूप बनाइए।

4. Balances of Sunlight Ltd., as at 31st March, 2021 are as follows :

| | Particulars | Amount (₹) |
|---|---|---|
| **I.** | **EQUITY AND LIABILITIES :** | |
| | 30,000 Equity shares of ₹ 20 each fully paid up | 6,00,000 |
| | 25,000 Equity shares of ₹ 20, each ₹ 8 paid up | 2,00,000 |
| | 15,000 Equity shares of ₹ 10 each fully paid up | 1,50,000 |
| | 10,000 Equity shares of ₹ 10 each, ₹ 5 paid up | 50,000 |
| | General Reserve | 4,50,000 |
| | Surplus in statement of P & L | 50,000 |
| | Creditors | 2,00,000 |
| | **Total** | 17,00,000 |
| **II.** | **ASSETS :** | |
| | Goodwill | 25,000 |
| | Building | 6,00,000 |
| | Machinery | 3,75,000 |
| | Investments | 50,000 |
| | Stock | 3,00,000 |
| | Debtors | 1,50,000 |
| | Bills Receivable | 50,000 |
| | Bank | 1,30,000 |
| | Share issue expenses | 20,000 |
| | **Total** | 17,00,000 |

The goodwill is valued at ₹ 15,000, Building at ₹ 12,00,000, Machinery at ₹ 3,00,000, Investment at ₹ 35,000, Stock at ₹ 2,50,000 and Debtors at ₹ 1,40,000. You are required to calculate intrinsic value of each type of equity share.

सनलाईट लि. के 31 मार्च, 2021 को शेष निम्न प्रकार हैं :

| | विवरण | रकम (₹) |
|---|---|---|
| **I.** | **समता एवं दायित्व :** | |
| | ₹ 20 वाले 30,000 समता अंश, पूर्णतः प्रदत्त | 6,00,000 |
| | ₹ 20 वाले 25,000 समता अंश, ₹ 8 प्रदत्त | 2,00,000 |
| | ₹ 10 वाले 15,000 समता अंश, पूर्णतः प्रदत्त | 1,50,000 |
| | ₹ 10 वाले 10,000 समता अंश, ₹ 5 प्रदत्त | 50,000 |
| | सामान्य संचय | 4,50,000 |
| | लाभ तथा हानि विवरण में आधिक्य | 50,000 |
| | लेनदार | 2,00,000 |
| | **योग** | 17,00,000 |
| **II.** | **सम्पत्तियाँ :** | |
| | ख्याति | 25,000 |
| | भवन | 6,00,000 |
| | मशीनरी | 3,75,000 |
| | विनियोग | 50,000 |
| | रहतिया | 3,00,000 |
| | देनदार | 1,50,000 |
| | प्राप्य विपत्र | 50,000 |
| | बैंक | 1,30,000 |
| | अंश निर्गमन व्यय | 20,000 |
| | **योग** | 17,00,000 |

ख्याति का ₹ 15,000, भवन का ₹ 12,00,000, मशीन का ₹ 3,00,000, विनियोग का ₹ 35,000, स्टॉक का ₹ 2,50,000 एवं देनदारों का ₹ 1,40,000 पर मूल्यांकन किया गया। आपको प्रत्येक प्रकार के समता अंश का आन्तरिक मूल्य ज्ञात करना है।

5. What do you mean by 'Capitalisation of Profit' ? Give journal entries related to issue of Bonus Shares.

'लाभों के पूँजीकरण' से आप क्या समझते हैं ? बोनस अंशों के निर्गमन से संबंधित जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

6. The original cost of installation of a power house was ₹ 15,00,000. The ratio of materials, labour and overheads was 6 : 3 : 1. It is estimated that price of materials have gone up by 50% and wages by 60%. The overheads are estimated to maintain same ratio with wages as before. The power house is replaced with ₹ 40,00,000. Find out the current cost of replacement and capital cost.

एक पॉवर हाउस की स्थापना की मूल लागत ₹ 15,00,000 थी। सामग्री, श्रम एवं उपरिव्यय का अनुपात 6 : 3 : 1 का था। यह अनुमानित किया जाता है कि सामग्री की लागत 50% से तथा श्रम की लागत 60% से बढ़ गई है। उपरिव्ययों का श्रम से वही अनुपात में बने रहने की संभावना है, जैसा पहले था। पॉवर हाउस ₹ 40,00,000 की लागत से पुनर्स्थापित किया गया है। पुनर्स्थापना की वर्तमान लागत एवं पूँजी लागत ज्ञात कीजिए।

7. Following is the Balance Sheet of Ansh Ltd. as at 31st March, 2021 :

| **Particulars** | **Amount (₹)** |
|---|---|
| **I. EQUITY AND LIABILITIES :** | |
| 1. *Shareholder's Funds :* | |
| (a) **Share Capital** | |
| Authorised, Issued and Subscribed Capital : | |
| 15,000 Equity Shares of ₹ 10 each fully paid | 1,50,000 |
| 15,000, 7% cumulative Preference Shares of ₹ 10 each fully paid | 1,50,000 |
| (b) **Reserve and Surplus :** | |
| Statement of Profit & Loss | (67,500) |

| | |
|---|---|
| 2. *Non-current Liabilities* | – |
| 3. *Current Liabilities :* | |
| (a) Trade Payables | 30,000 |
| **Total** | 2,62,000 |
| **II. ASSETS :** | |
| 1. *Non-current Assets* : | |
| (a) Fixed Assets : | |
| (i) Tangible Assets : Other fixed assets | 1,50,000 |
| (ii) Intangible Assets : Goodwill | 30,000 |
| (b) Other Non-current assets | – |
| 2. *Current Assets* : | |
| (a) Inventories | 37,500 |
| (b) Trade Receivables : Debtors | 45,000 |
| **Total** | 2,62,500 |

It was resolved that equity shares of ₹ 10 each be reduced to share of ₹ 6 each and 7% preference shares of ₹ 10 each be reduced to 8% preference shares of ₹ 7 each. The number of shares in each case was to remain the same. It was resolved that the amount so available be used for writing off the debit balances of profit and loss account and goodwill account and to write down the other fixed assets as far as possible.

(a) Show the necessary Journal Entries in the books of the company.

(b) Prepare the Balance Sheet as revised after the above entries.

31 मार्च, 2021 को अंश लिमिटेड का चिट्ठा निम्न प्रकार है :

| विवरण | रकम (₹) |
|---|---|
| **I. समता एवं दायित्व :** | |
| 1. *अंशधारियों के कोष :* | |
| (अ) **अंश पूँजी** | |
| अधिकृत, निर्गमित अंश पूँजी एवं अभिदत्त पूँजी : | |
| ₹ 10 वाले 15,000 समता अंश पूर्णतः प्रदत्त | 1,50,000 |
| ₹ 10 वाले 15,000, 7% संचयी पूर्वाधिकार अंश पूर्णतः प्रदत्त | 1,50,000 |
| (ब) **संचय तथा आधिक्य :** | |
| लाभ तथा हानि विवरण | (67,500) |
| 2. *गैर-चालू दायित्व* | – |
| 3. *चालू सम्पत्तियाँ :* | |
| (अ) देय व्यापार | 30,000 |
| **योग** | 2,62,000 |
| **II. सम्पत्तियाँ :** | |
| 1. *गैर-चालू सम्पत्तियाँ :* | |
| (अ) स्थायी सम्पत्तियाँ : | |
| (i) मूर्त सम्पत्तियाँ : अन्य अचल सम्पत्तियाँ | 1,50,000 |
| (ii) अमूर्त सम्पत्तियाँ : ख्याति | 30,000 |
| (ब) अन्य गैर-चालू सम्पत्तियाँ | – |
| 2. *चालू सम्पत्तियाँ :* | |
| (अ) इनवेंटरी | 37,500 |
| (ब) व्यापारिक प्राप्तियाँ : देनदार | 45,000 |
| **योग** | 2,62,500 |

यह प्रस्ताव पारित किया गया कि ₹ 10 वाले समता अंशों को ₹ 6 प्रति अंश तक कम कर दिया जाये और ₹ 10 प्रति अंश वाले 7% पूर्वाधिकार अंशों को ₹ 7 वाले 8% पूर्वाधिकार अंशों तक घटाया जाये। प्रत्येक स्थिति में अंशों की संख्या वही रहेगी। यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जो भी राशि उपलब्ध हो, वह लाभ-हानि खाते के डेबिट शेष को अपलिखित करने और ख्याति व अन्य स्थायी सम्पत्तियों को अपलिखित करने में जहाँ तक संभव हो सके, प्रयोग में लाई जाये।

(अ) कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

(ब) उक्त प्रविष्टियों के बाद कम्पनी का संशोधित चिट्ठा भी बनाइए।

8. A Ltd, which has a paid up share capital of ₹ 10,00,000 and a loss of ₹ 11,15,000 standing in its balance sheet went into voluntary liquidation on 31 March, 2020. The following as on that date :

Machinery, Stock and Debtors (which realised their book values) ₹ 7,90,000; Cash ₹ 10,000; Creditors ₹ 4,00,000; 6% Debentures carrying a floating charge ₹ 5,00,000 and interest accrued thereon for 6 months.

The debentures were paid off with interest upto the date of winding up. On 30th September, 2020 a first and final dividend was paid to the creditors. Creditors for ₹ 25,000 are preferential.

The cost of liquidation amounted to ₹ 1,400. The liquidator is entitled to 3% of amount realised and 2% of the amount distributed to the unsecured creditors (excluding preferential creditors) by way by his remuneration.

Prepare the liquidator's final statement of account.

ए लिमिटेड जो कि अपने चिट्ठे में ₹ 10,00,000 की प्रदत्त पूँजी तथा ₹ 11,50,000 की हानि प्रकट करती थी, 31 मार्च, 2020 को ऐच्छिक समापन में चली गई। उस दिन उसकी सम्पत्तियों एवं दायित्वों के विवरण निम्न प्रकार थे :

मशीनरी, स्टॉक व देनदार (जिनसे पुस्तक मूल्य की वसूली हुई) ₹ 7,90,000; रोकड़ ₹ 10,000; लेनदार ₹ 4,00,000; चल प्रभार रखने वाले 6% !! ऋणपत्र ₹ 5,00,000; तथा उन पर 6 माह का अर्जित ब्याज।

ऋणपत्रों का समापन की तिथि तक ब्याज सहित भुगतान कर दिया गया। 30 सितम्बर, 2020 को लेनदारों को प्रथम व अंतिम लाभांश का भुगतान किया गया। ₹ 25,000 के लेनदार पूर्वाधिकार थे। समापन व्यय ₹ 1,400 हुए। निस्तारक अपने पारिश्रमिक के रूप में वसूल हुई राशि पर 3% तथा असुरक्षित लेनदारों (पूर्वाधिकार लेनदारों को छोड़कर) को वितरित की गई राशि पर 2% के हिसाब से प्राप्त करने का अधिकारी है। निस्तारक का अंतिम हिसाब विवरण बनाइए।

## Section–C

**(खण्ड–स)** 20 each

9. What is meant by Consolidated Balance Sheet ? How is it prepared ? Give an example.

एकीकृत चिट्ठा किसे कहते हैं ? यह किस प्रकार तैयार किया जाता है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

10. On 31st March, 2020 balances of Modern Private Ltd. are as follows :

| | Particulars | Amount (₹) |
|---|---|---|
| **I.** | **EQUITY AND LIABILITIES :** | |
| | 2,00,000 Equity shares of ₹ 10 each | 20,00,000 |
| | General Reserve | 4,00,000 |
| | Surplus in statement of P & L | 3,00,000 |
| | 10% Debentures | 3,00,000 |
| | Trade Creditors | 4,00,000 |
| | Provision for Taxation | 1,80,000 |
| | **Total** | 35,80,000 |
| **II.** | **ASSETS :** | |
| | Land and Building | 16,80,000 |
| | Plant and Machinery | 12,00,000 |
| | Furnitures | 1,00,000 |
| | 5% IFC Bonds | 4,00,000 |
| | Stock | 40,000 |
| | Book Debts | 1,20,000 |
| | Cash | 40,000 |
| | **Total** | 35,80,000 |

*Notes to Accounts* :

| **Contingent Liability :** | **(₹)** |
|---|---|
| Proposed equity share dividend for the year 2019-20 | 3,00,000 |
| Proposed tax on dividend for the year 2019-20 @ 29.12% | 87,360 |
| | 3,87,360 |

The net profit of the company after tax for preceding five years were as follows :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2015-16 | ₹ 3,40,000 | 2018-19 | ₹ 4,00,000 |
| 2016-17 | ₹ 3,80,000 | 2019-20 | ₹ 3,80,000 |
| 2017-18 | ₹ 3,60,000 | | |

On 31st March, 2020 the land and building was valued at ₹ 20,00,000; and Plant and Machinery at ₹ 13,00,000. The fair rate of return in similar type of company may be taken at 10% and rate of depreciation on building 10% and Plant and Machinery 15%. Find out the values of goodwill based on super profits by all methods, taking 5 years' purchase.

मॉडर्न प्राइवेट लिमिटेड के शेष 31 मार्च, 2020 को निम्न प्रकार हैं :

| | विवरण | रकम (₹) |
|---|---|---|
| **I.** | **समता एवं दायित्व :** | |
| | ₹ 10 वाले 2,00,000 समता अंश | 20,00,000 |
| | सामान्य संचय | 4,00,000 |
| | आधिक्य में लाभ तथा हानि विवरण | 3,00,000 |
| | 10% ऋणपत्र | 3,00,000 |
| | व्यापारिक लेनदार | 4,00,000 |
| | कर के लिए प्रावधान | 1,80,000 |
| | **कुल** | 35,80,000 |
| **II.** | **सम्पत्तियाँ :** | |
| | भूमि तथा भवन | 16,80,000 |
| | प्लाण्ट एवं मशीनरी | 12,00,000 |
| | फर्नीचर | 1,00,000 |
| | 5% IFC बॉण्ड | 4,00,000 |
| | रहतिया | 40,000 |
| | बही ऋण | 1,20,000 |
| | नकद | 40,000 |
| | **कुल** | 35,80,000 |

**खातों के लिए नोट्स :**

| **आकस्मिक दायित्व :** | **(₹)** |
|---|---|
| वर्ष 2019-20 के लिए प्रस्तावित समता अंश लाभांश | 3,00,000 |
| वर्ष 2019-20 के लिए लाभांश पर प्रस्तावित कर @ 29.12% | 87,360 |
| | 3,87,360 |

पिछले 5 वर्षों के कर पश्चात् शुद्ध लाभ निम्न प्रकार थे :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2015-16 | ₹ 3,40,000 | 2018-19 | ₹ 4,00,000 |
| 2016-17 | ₹ 3,80,000 | 2019-20 | ₹ 3,80,000 |
| 2017-18 | ₹ 3,60,000 | | |

31 मार्च, 2020 को भूमि व भवन का मूल्यांकन ₹ 20,00,000; एवं प्लाण्ट व मशीनरी का ₹ 13,00,000 पर किया गया था। उचित प्रत्याय की दर 10% ली जा सकती है। ख्याति का मूल्य अधिलाभों पर आधारित सभी विधियों से 5 वर्षों का क्रय लेते हुए ज्ञात कीजिए। भवन पर मूल्य ह्रास 10% तथा मशीन पर 15% से लगाइए।

11. On 31st March, 2021 balances of X Ltd. and Y Ltd. are as follows :

| **Particulars** | **X Ltd. (₹)** | **Y Ltd. (₹)** |
|---|---|---|
| **I. EQUITY AND LIABILITIES :** | | |
| 1. *Shareholder's Funds :* | | |
| (a) Share Capital : | | |
| Issued and Subscribed and fully paid up capital : | | |
| Equity Share Capital of ₹ 10 each | 2,00,000 | 4,00,000 |
| (b) Reserve and Surplus : | | |
| General Reserve | 80,000 | 1,20,000 |
| Workmen's Compensation Fund | 20,000 | – |

| | | |
|---|---|---|
| 2. *Non-current Liabilities* | – | |
| Long-term Borrowings : | | |
| Secured loan : Loan from X Ltd. | – | 20,000 |
| 3. *Current Liabilities* : | | |
| Trade Payables : | | |
| Creditors | 60,000 | 72,000 |
| Bills Payable | – | 8,000 |
| **Total** | 3,60,000 | 6,20,000 |
| **II. ASSETS :** | | |
| 1. *Non-current Assets* : | | |
| (a) Property, Plant and Equipment : | | |
| Tangible Assets : Freehold Property | 2,40,000 | 5,00,000 |
| (b) Long-term Loans and Advances : | | |
| Loan to Y Ltd. | 20,000 | – |
| 2. *Current Assets* : | | |
| (a) Inventories : | | |
| Stock | 40,000 | 60,000 |
| (b) Trade Receivables : | | |
| Sundry Debtors | 50,000 | 40,000 |
| Bills Receivables | 10,000 | – |
| (c) Cash and Cash Equivalents : | | |
| Cash at Bank | – | 20,000 |
| **Total** | 3,60,000 | 6,20,000 |

Included in the creditors of X Ltd. an amount of ₹ 10,000 payable to Y Ltd. and similarly in the bills payable of Y Ltd. an amount of ₹ 4,000 of bills receivable X Ltd. Y Ltd. agreed to purchase X Ltd. on the following terms from 1st April, 2021 :

(i) Y Ltd. will allot one share of ₹ 10 each fully paid at a premium of 10% in exchange for one share in X Ltd.

(ii) Workmen compensation found of X Ltd. will not be taken over by Y Ltd.

(iii) Other assets and liabilities will be taken over at book values.

(iv) Inter-company owings will be cancelled by Y Ltd. after absorption.

Prepare Realisation A/c and Equity Share Holder's A/c in the books of X Ltd. Give journal entries and the balance sheet after the purchase of business in the books of Y Ltd.

31 मार्च, 2021 को एक्स लिमिटेड तथा वाई लिमिटेड के चिट्ठे इस प्रकार हैं :

| **विवरण** | **एक्स लि. (₹)** | **वाई लि. (₹)** |
|---|---|---|
| **I. समता तथा दायित्व :** | | |
| 1. *अंशधारियों के कोष* : | | |
| (अ) अंश पूँजी : | | |
| निर्गमित एवं अभिदत्त पूँजी, पूर्णत: प्रदत्त | | |
| ₹ 10 वाले समता अंश पूँजी | 2,00,000 | 4,00,000 |
| (ब) संचय एवं आधिक्य : | | |
| सामान्य संचय | | |
| कर्मचारियों का मुआवजा फण्ड | 20,000 | – |
| 2. *गैर-चालू सम्पत्तियाँ* : | | |
| दीर्घ-कालीन उधार : | | |
| सुरक्षित ऋण : एक्स लि. से ऋण | – | 20,000 |

| | | |
|---|---|---|
| 3. *चालू दायित्व* : | | |
| व्यापारिक देय : | | |
| लेनदार | 60,000 | 72,000 |
| देय विपत्र | – | 8,000 |
| **कुल** | 3,60,000 | 6,20,000 |
| **II. सम्पत्तियाँ :** | | |
| 1. गैर-चालू सम्पत्तियाँ : | | |
| (अ) प्रोपर्टी, प्लांट और उपकरण | | |
| मूर्त सम्पत्तियाँ : फ्रीहोल्ड सम्पत्ति | 2,40,000 | 5,00,000 |
| (ब) दीर्घ-कालीन ऋण तथा अग्रिम : | | |
| वाई लि. का ऋण | 20,000 | – |
| 2. चालू सम्पत्तियाँ : | | |
| (अ) इनवेंटरी | | |
| रहतिया | 40,000 | 60,000 |
| (ब) व्यापारिक प्राप्तियाँ : | | |
| विविध देनदार | 50,000 | 40,000 |
| प्राप्य विपत्र | 10,000 | – |
| (स) नकद और नकद समकक्ष | | |
| बैंक में नकद | – | 20,000 |
| **कुल** | 3,60,000 | 6,20,000 |

एक्स लि. के लेनदारों में एक ₹ 10,000 की मद शामिल है, जो वाई लि. को देय है तथा इसी प्रकार वाई लि. के देय बिलों में एक ₹ 4,000 की मद है, जो एक्स लि. के प्राप्य बिलों में शामिल है।

वाई लि. निम्न शर्तों पर एक्स लि. का क्रय 1 अप्रैल, 2021 से करने को सहमत हुई :

(i) वाई लि., एक्स लि. के एक अंश के बदले ₹ 10 वाला एक पूर्ण प्रदत्त अंश 10% प्रीमियम पर निर्गमित करेगी।

(ii) एक्स लि. के श्रमिक क्षतिपूर्ति कोष को वाई लि. द्वारा नहीं लिया जायेगा।

(iii) अन्य सम्पत्तियाँ एवं दायित्वों को पुस्तक मूल्यों पर लिया जायेगा।

(iv) संविलयन के बाद वाई लि. द्वारा अन्तः कम्पनी देनदारियों को रद्द कर दिया जायेगा।

एक्स लि. की पुस्तकों में वसूली खाता एवं समता अंशधारियों का खाता तैयार कीजिए। वाई लि. की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए तथा व्यापार के क्रय के बाद का चिट्ठा बनाइए।

12. What do you understand by 'Purchase Consideration' ? How is it ascertained ? What journal entries are passed in the books of purchasing company for the purchase of business and payment of purchase consideration ?

'क्रय प्रतिफल' से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे निर्धारित किया जाता है ? क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में व्यापार को खरीदने एवं क्रय-प्रतिफल के भुगतान करने के लिए क्या जर्नल प्रविष्टियाँ की जाती हैं ?